बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

MJC No. 1172/2021 (Nitu Kumari Vrs. The State of Bihar & Ors., Arising Out of CWJC No. 7905/2019) में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 15.12.2023 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में विज्ञापन संख्या–50/2014, सहायक प्राचार्य, हिन्दी के पद पर नियुक्ति हेतु अनुक्रमांक–50015929, नीतू कुमारी का अंतिम परीक्षाफल।

आयोग द्वारा राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में हिन्दी विषय के सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 50/2014 का परीक्षाफल दिनांक 12.02.2019 को प्रकाशित किया गया था, जिसमें अन्य उम्मीदवारों सहित एक उम्मीदवार, अनुक्रमांक– 50015929, नीतू कुमारी को नेट उत्तीर्ण नहीं होने एवं उनकी पीएच॰डी॰ डिग्री Without UGC Regulation 2009 होने के आधार पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गयी थी।

उम्मीदवार, नीतू कुमारी, अनुक्रमांक–50015929 द्वारा अपने अनहर्ता के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय, पटना में CWJC No. 7905/2019 दायर किया गया, जिसमें सुनवाई के पश्चात् माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 11.08.2020 को उक्त वाद के स्वीकृति के साथ–साथ वादी के परीक्षाफल को प्रकाशित करने का आदेश दिया गया।

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा उक्त पारित आदेश के विरूद्ध आयोग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में अपीलवाद संख्या–23/2021 दायर की गयी, जिसे दिनांक 18.01.2023 को माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा खारिज कर दिया गया, जिसके विरूद्ध आयोग द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में SLP No- 6251/2023 दायर किया गया, जो सुनवाई हेतु लम्बित है।

उल्लेखनीय है कि CWJC No. 7905/2019 में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 11.08.2020 को पारित आदेश के आलोक में वादी/याचिकाकर्ता द्वारा MJC No- 1172/2021 दायर की गयी, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 15.12.2023 को याचिकाकर्ता के परीक्षाफल को प्रकाशित करने का आदेश दिया गया।

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा MJC No- 1172/2021 में दिनांक 15.12.2023 को पारित आदेश के अनुपालन में आयोग नीतू कुमारी, अनुक्रमांक–50015929 को अनारक्षित (01) कोटि के अन्तर्गत इस शर्त के साथ की माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर SLP No. 6251/2023 में पारित होने वाले न्यायादेश के फलाफल से उक्त चयन/नियुक्ति प्रभावित होगी को सफल घोषित करता है।

ह० 19/12/23

तिथिः 19 दिसम्बर, 2023

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना